प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रदश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिये आज प्रचार हुआ समाप्त : राजनीतिक दलों ने पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में की जनसभाएं और रोड–शो।**
2. **राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल लखनऊ के ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में हुई शामिल : पुस्तकालयों की पुरानी किताबों का विभिन्न भाषाओं में अनुवाद कराने की आवश्यकता पर दिया बल।**
3. **प्रदेश के सभी अस्पतालों का होगा फायर सेफ्टी आडिट : झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड के बाद स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

**और**

4. **कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दिल्ली में केन्द्रीय उर्वरक सचिव से की मुलाकात : केन्द्र सरकार ने प्रदेश को हर हाल में उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने का दिया आश्वासन।**

———————

**उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव केलिए प्रचार आज शाम थम गया। इन सीटों पर 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। मतगणना 23 नवंबर को**

होगी। प्रचार के अंतिम दिन आज प्रत्याशियों के पक्ष में राजनैतिक पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं ने जनसभाएं और रोड शो कर जनता से वोट की अपील की। प्रदेश की जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होना है, उनमें  मीरापुर, कुंदरकी, करहल, कटेहरी, सीसामऊ, गाजियाबाद, खैर, मझवां आर फूलपुर सीट शामिल हैं। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट.....

*प्रदेश में हो रहे उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने अपने–अपने प्रत्याशी उतारे हैं। उपचुनाव में जीत के लिए सपा और भाजपा दोनों दलों ने जमकर प्रचार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव वाली सभी नौ विधानसभा सीटों पर भाजपा गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाएं की हैं, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी पार्टी उम्मीदवारो के लिए प्रचार किया। आज केंद्रीय मंत्री और रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में रोड शो किया, वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीरापुर के जौली गांव में जनसभा को संबोधित किया, जबकि AIMIM के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के ककरौली गांव में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उधर कानपुर नगर की सीसामऊ विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया। प्रदेश की जिन नो विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं– उनमें कुंदरकी, करहल, कटेहरी और सीसामऊ सीट सपा के पास रही है, वहीं गाजियाबाद, खैर और फूलपुर की सीट भाजपा के पास रही है, जबकि रालोद ने मीरापुर और निषाद पार्टी ने मंझवा सीट पर जीत हासिल की थी। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

————————

लखनऊ के ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय का नौवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। समारोह में कुलाधिपति और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने 132 छात्र–छात्राओं को 149 पदक प्रदान

किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में आगे रहा है। उन्होंने कहा कि पुरानी किताबों को पुस्तकालयों से निकालकर उनका भारतीय भाषाओं में अनुवाद कराया जाए, ताकि प्राचीन ज्ञान सभी तक पहुंच सके। इस अवसर पर राज्यपाल ने 3 से 6 साल के बच्चों के लिए हेल्थ किट का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किया। बाइट....

*अभी दो महीने पहले मैं रामपुर राजा लाइब्रेरी देखने के लिए रामपुर गई थी। वहाँ की बुक देखिए आप और इसी वजह से हमारे प्रधानमंत्री जी ने यह सूचना दी कि जितनी पुरानी लाइब्रेरी में पुस्तकें है, हमारी वो निकालिए और यदि हमारी भाषा अंग्रेजी है या तो हिंदी है, संस्कृत है तो ट्रांसलेशन करवाइए। हमारे स्टूडेंट के समक्ष हमारी यूनिवर्सिटी के सामने ये बुक्स रखिए और अपने सिलेबस में भी कहीं ना कहीं इसका इंट्रोड्यूस करिए। इसकी वजह से हमारे पुराने समय में हमारे प्रतिष्ठित विद्वानों ने इस तरह इन सबको लिखा है।*

————————

केन्द्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आज मथुरा में राष्ट्रीय बकरी मेला एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। बकरी महाकुंभ 2024 का आयोजन केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किया गया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कृषि वैज्ञानिकों, कृषि उद्योग से जुड़े उद्यमियों तथा प्रगतिशील किसानों और बकरी पालकों से मुलाकात की। उन्होंने किसानों को उनकी आय दोगुनी करने के उपायों के प्रति जागरूक किया।

———————

स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड जैसी दुर्घटनाओं को भविष्य में रोकने के लिए आज लखनऊ में अधिकारियों के साथ विशेष बैठक को और कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी स्थिति में लापरवाही बदाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों की फायर सेफ्टी ऑडिट कराने और अस्पतालों में मॉक ड्रिल कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये। श्री पाठक ने यह भी आदेश दिया कि अस्पताल में किसी भी स्थिति में विद्युत लोड बिना सहमति के नहीं बढ़ेगा और वार्डो में टम्परेरी वायरिंग नहीं कराई जाये। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिक्षा के महानिदेशक सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बाइट.....

*किसी भी स्थिति में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। आज एक हम जियो जारी कर रहे हैं। सभी हॉस्पिटल्स का। हम फायर सेफ्टी ऑडिट पुनः कराने जा रहे हैं। जो हमारे फायर सेफ्टी इक्विपमेंट्स हैं, उनका भी ऑडिट कराएंगे जो फायर फाइटिंग सिस्टम है। उच्च दुरुस्त व्यवस्था में चलता रहे इसको सुनिश्चित करेंगे। 24 घंटे हर वार्ड में एक व्यक्ति ट्रेंड रहेगा। जो हमारा वार्ड वॉय या पैरामेडिकल स्टाफ हो सकता है। जिसको ट्रेनिंग दी हुई आठ आठ घंटे कम से कम एक व्यक्ति 24 घंटे में वार्ड में उपस्थित रहेगा इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज महराजगंज के ऐतिहासिक धरोहर स्थल कन्हैया बाबा स्थान के खनन कार्य का शुभारम्भ मंत्रोच्चार और धम्म पाठ के साथ किया। इस दौरान भारतीय पुरातत्व विभाग की 15 सदस्यीय टीम उत्खनन स्थल पर मौजूद रही। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जनपद के सोहगी बरवा वन्य जीव प्रभाग के जंगल में स्थित कन्हैया बाग स्थान को बुद्ध के आठवें अस्थि स्तूप की मान्यता के परिपेक्ष में यह उत्खनन कार्य शुरू किया गया है। इस उत्खनन कार्य के प्रमाणित होने के बाद क्षेत्र का चौमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व इसी क्षेत्र से भगवान बुद्ध ने अहिंसा का जो मार्ग दिखाया, वह आज पूरी दुनिया में फैला है। बाइट.....

*स्वदेश दर्शन योजना मोदी जी 2014 में लेकर के आये देश में जीतने भी अपने बौद्ध स्थल हैं। वहाँ पर लोगों को आने जाने की व्यवस्था बने और कहीं न कहीं वो सर्किट का भी बात उन्होंने किया। मेरा यही प्रयास है कि ऐतिहासिक तत्व से हमारा जिला जुड़ा हुआ है। एक तो इतिहास में उसका*

*नाम होना। और एक मर्तबे सिद्ध होने के बाद हमारे जिले को लाभ मिलने वाला है।*

————————

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज नई दिल्ली में उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय में उर्वरक सचिव, रजत कुमार मिश्रा से मुलाकात की और प्रदेश को केन्द्र सरकार द्वारा उर्वरक की आपूर्ति एवं उपलब्धता तथा रैक के मूवमन्ट के बारे में जानकारी प्राप्त को। बैठक में किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार डीएवीपी उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के संबंध में वार्ता हुई। उर्वरक सचिव ने कृषि मंत्री को आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश को हर हाल में आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए डिस्पैच की जाने वाली फास्फेटिक उर्वरक रैक भी पश्चिमी पोर्ट से अधिक से अधिक प्रदेश को प्रेषित की जाएगी। इससे पहले कृषि मंत्री ने वाराणसी में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि किसानों को रबी फसलों की बुवाई के लिये पर्याप्त मात्रा में फास्फेटिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई है। बाइट.....

*इस साल 600 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन का हम लोगों ने लक्ष्य रखा है। वर्तमान में लगभग 25 प्रतिशत अच्छादित हो चुका है। 40,00,000 हेक्टेयर के भीतर शेष के लिए हमारी तैयारियां चल रही हैं और सभी जगहों पर हम फर्टिलाइजर और बीज की उपलब्धता करा रहे हैं। जिससे की किसान भाईयों को सुविधा हो सके।*

————————

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाइ अड्डा ने इस वर्ष एक दिन में सबसे अधिक यात्री यातायात का रिकॉर्ड बनाया है। 17 नवंबर को इस एयरपोर्ट से 22 हजार 986 यात्रियों ने यात्रा की, जिसमें 18 हजार 834 घरेलू और चार हजार 152 अंतर्राष्ट्रीय यात्री शामिल थे। इस दिन हवाई अड्डे पर 153 उड़ानों का रिकॉर्ड हवाई यातायात भी देखा गया, वहीं एक नवंबर से 17 नवंबर तक साढ तीन लाख से अधिक यात्रियों ने चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से यात्रा की।

————————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति गिरिधर मालवीय का 88 वर्ष की आयु में प्रयागराज में निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। न्यायाधीश गिरिधर मालवीय, महामना मदन मोहन मालवीय के पौत्र थे। 1988 से 1998 तक इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर कार्यरत थे। वे लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावक भी थे।

————————

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज हरियाणा के पहलवानों का कुश्ती में दबदबा रहा। आज की कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरला, तेलंगाना,

राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, मणिपुर, नगालैंड, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश के पहलवानों ने कुश्ती में अपने दमखम का प्रदर्शन किया। हरियाणा के पहलवानों ने कई भार वर्ग में अपने विरोधियों को परास्त कर पदक पर कब्जा किया।

(समाप्त)